महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं निर्देश

क्रम.	आयोजन	तिथियां
1	**पंजीकरण आरम्भ**	01.01.2021
2	**पंजीकरण अंतिम तिथि**	15.02.2021
3	**परीक्षा तिथि**	28.02.2021
4	**परिणाम घोषणा तथा उत्तर तालिका का प्रकाशन**	02.03.2021 (09:00 am)
5	**परीक्षा में पूछे गए प्रश्न सम्बन्धी आपत्ति (यदि कोई है) दर्ज करने के लिए तिथि**	02-04 मार्च 2021
6	**प्रमाण पात्र व बैंक खाता* जमा करने की तिथि**	05-09 मार्च 2021
7	**सत्यापन व शुल्क वापसी/ छात्रवृत्ति वितरण**	10-15 मार्च 2021
8	**सम्पूर्ण प्रक्रिया समाप्ति**	15.03.2021

* केवल सफल व योग्य छात्रों को ही बैंक खाते की जानकारी देनी होगी I

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. अभ्यार्थी, मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में आवेदन करने से पहले अधिसूचना को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ेंI
2. आवेदक का दायित्व है की वह वेबसाइट पर नियमित रूप से जाए और परीक्षा संबंधी सभी जानकारी और/या निर्देश को समय से पढ़ ले I संगठन, आवेदक द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी और/या निर्देशों पर ध्यान ना दिए जाने के कारण हुई हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगीI
3. सभी निर्देशों को पालन सख्ती से पालन अनिवार्य है एसा ना होने की स्तिथि में आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगाI
4. उपर दी गयी सभी तिथियों का पालन करना अति अनिवार्य है; अंतिम तिथियों के बाद किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगाI
5. आवेदकों को परीक्षा के समय, परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या (यदि हो तो) होने पर, परीक्षा समाप्ति के तुरंत पश्चात उसकी जानकारी ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा संगठन को देंI
6. आवेदकों को शुल्क जमा संबंधी समस्या (यदि हो तो) को दिनांक **20.02.2021** से पहले ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा इसकी सूचना संगठन को दें। **20.02.2021** के पश्चात कोई भी निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगाI

मेधावी

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

मानव संसाधन विकास मिशन

(विज्ञापन संख्या: HRDM/SWBH/01-03/2021)

मानव संसाधन विकास मिशन (HRDM) की मेधावी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 'स्वाभिमान' छात्रवृत्ति परीक्षा – 2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैI

मेधावी एप द्वारा ऑनलाइन आवेदन (OA) जमा करने की आरम्भ होने की तिथि: 01/01/2021 से 00:00 बजेI
मेधावी एप द्वारा ऑनलाइन आवेदन (OA) जमा करने की अंतिम तिथि: 15/02/2021, 23:59 बजे तकI

स्वाभिमान छात्रवृत्ति परीक्षा - 2021

मानव संसाधन विकास मिशन (HRDM) की मेधावी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 'स्वाभिमान' छात्रवृत्ति परीक्षा – 2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैI इस परीक्षा के अंतर्गत, मेधावी अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाएगीI

परीक्षा की योजना

छात्रवृत्ति के लिए चयन एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न परीक्षा द्वारा किया जाएगा जिसका स्वरुप निम्न प्रकार हैI

परीक्षा का स्वरुप:

परीक्षा का नाम	प्रश्न संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा समय
• तर्कशक्ति	11	11	18 मिनट *(अलग-२ भागों के लिए अलग से समय नहीं है)*
• मात्रात्मक अभिरुचि	11	11	
• सामान्य अध्ययन	9	9	
• अंग्रेजी	9	9	

सूचना: अंग्रेजी (English Language) के प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्न हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषा में लिखे होंगेI

गलत उत्तर के लिए दंड – प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के अंक के 1/3rd (एक तिहाई) अंक दंड स्वरुप काट लिए जाएंगेI प्रश्न का उत्तर ना देने की स्थिति में कोई अंक नहीं काटा जाएगाI

सूचना

परीक्षा केवल **मेधावी एंड्राइड एप** पर ही होगीI एप, गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है, एप डाउनलोड करने का लिंक वेबसाइट http://www.medhavionline.org पर भी उपलब्ध हैI परीक्षा संबंधी सभी जानकारी और/व निर्देश वेबसाइट एवं एप पर उपलब्ध होंगेI

अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है की वे मेधावी एप पर उपलब्ध 'MOCK TEST' या अभ्यास टेस्ट करें जिससे परीक्षा के प्रारूप को समझने में सहायता मिलेगीI

परीक्षा में चार भाग होंगे, अभ्यार्थियों को सभी प्रश्नों के उत्तर नियत समय में देने होंगेI किसी भी प्रकार की विसंगति को रोकने के लिए परीक्षा के समय कोई 'बैक बटन' नहीं दिया जाएगा अर्थात कोई भी अभ्यार्थी वापस जाकर ना तो उत्तर बदल सकता है और ना ही छोड़े गए प्रश्न का उत्तर दे सकता हैI अभ्यार्थी को स्क्रीन पर दिए गए प्रश्न का या तो उत्तर देना होगा या बिना उत्तर दिए ही अगले प्रश्न पर जाना होगाI अभ्यार्थी दिए गए समय में ही प्रश्नों के उत्तर दे दें, अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा तथा समय समाप्त होने पर परीक्षा स्वयं ही जमा हो जाएगीI

परीक्षा शुल्क

a) सभी वर्गों के अभ्यार्थियों को ऑनलाइन टेस्ट के लिए रू.300 (तीन सौ रुपये मात्र) का भुगतान करना होगा; ऑनलाइन टेस्ट के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगीI

b) रू.300 (तीन सौ रूपए) का पंजीकरण शुल्क 100% *REFUNDABLE* है जो उन सभी अभ्यार्थियों को वापिस कर दिया जाएगा जो परीक्षा में कम से कम 35% अंक लाते हैं और किसी भी मेरिट सूची में नहीं आतेI

c) बिना शुल्क के किसी भी पंजीकरण को अमान्य माना जाएगा और किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगाI

d) **पंजीकरण शुल्क केवल ऑनलाइन परीक्षा के लिए है; केवल पंजीकरण शुल्क जमा करने भर से ही कोई भी अभ्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए पात्र नहीं होगाI एक बार शुल्क जमा होने पर वापिस नहीं होगा, केवल ऊपर दिए ये बिंदु (b) के अनुसार शुल्क वापिस हो सकता हैI**

छात्रवृत्ति:

863 अभ्यार्थियों को Type A छात्रवृत्ति दी जाएगी उदारहरण: Rs.8000/- (पहले माह), Rs.4000/- (दुसरे माह) एवं Rs.2000/- (तीसरे माह); 574 अभ्यार्थियों को ***Type B*** छात्रवृत्ति दी जाएगी उदारहरण: Rs.3000/- (पहले माह), Rs.2000/- (दुसरे माह) and Rs.1000/- (तीसरे माह); 329 अभ्यार्थियों को ***Type C*** छात्रवृत्ति दी जाएगी उदारहरण: Rs.1000/- (पहले माह), Rs.1000/- (दुसरे माह) and Rs.1000/- (तीसरे माह); और जो अभ्यार्थी परीक्षा में कम से कम 35% या अधिक अंक लाते हैं और किसी भी मेरिट सूची में नहीं आते हैं उनको पंजीकरण शुल्क रू.300 वापिस कर दिया जाएगाI

छात्रवृतियों की संख्या मेरिट सूची और/या आवेदकों की संख्या के आधीन है जिसे किसी भी समय घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है, इसका निर्णय संगठन के आधीन है जो की अंतिम निर्णय होगाI

मासिक छात्रवृत्ति तीन माह की किश्तों में दी जाएंगीI शुल्क वापसी एवं छात्रवृत्ति वितरण 10.03.2021 से शुरू होगाI

परिणाम पूर्णतया अभ्यार्थियों द्वारा परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पे होगाI मेरिट सूची किसी भी दशा में 35% अंको से नीचे नहीं होगीI

सफल अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान

परिणाम घोषणा के पश्चात केवल सफल अभ्यार्थियों को ही बैंक खाते की जानकारी देनी होगीI

छात्रवृत्ति का भुगतान सफल अभ्यार्थी के बैंक खाते में (बैंक खाता संख्या व **IFS** कोड), खाता अभ्यार्थी के नाम से ही होना चाहिएI सभी अभ्यार्थी को सलाह दी जाती है की वो एक सक्रीय बैंक खाता तैयार रखेंI छात्रवृत्ति की धनराशी, सफल अभ्यार्थी के अलावा किसी अन्य के खाते में नहीं डाली जाएगी, तथा इस संबंध में कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगाI

पात्रता की शर्तें:

उम्र: न्यूनतम **16** वर्ष एवं अधिकतम **40** वर्ष: सभी वर्गों के अभ्यार्थियों के लिएI

राष्ट्रीयता:

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या
(ख) नेपाल की प्रजा, या
(ग) भूटान की प्रजा, या
(घ) एसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या
(ड.) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ़्रीकी देशों, कीनिया, उगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मालावी, ज़ैरे, इथिओपिया तथा विएतनाम से प्रवजन करके आया होI

परन्तु (ख), (ग), (घ) एवं (ड.) वर्गों के अंतर्गत आने वाले उमीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र होना चाहियेI

न्यूनतम शैक्षिक अहर्ता:

आवेदन करने वाले अभ्यार्थी के पास मेट्रिक (10th) या समकक्ष का उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र होना आवश्यक हैI मेट्रिक (10th) केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड से ही होना अनिवार्य हैI

मेट्रिक (10th) एक न्यूनतम शैक्षिक अहर्ता है जिसका अर्थ है की कोई भी अभ्यार्थी जिसने मेट्रिक (10th) से अधिक शिक्षा प्राप्त की है जैसे 11th, 12th, स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, इत्यादि, वे भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैंI

आवेदन कैसे करें:

आवेदकों को सलाह दी जाती है की ऑनलाइन फॉर्म भरते समय वे अपना सक्रीय ईमेल आई डी ही उपलब्ध कराएं जैसा की सभी आवश्यक पत्र-व्यवहार ईमेल के माध्यम से ही होगाI इसके अतिरिक्त ऑनलाइन आवेदन में दी गयी जानकारी के अनुसार, सफल अभ्यार्थियों से अपेक्षित दस्तावेजों की जानकारी या तो ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी या वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी जाएगीI अभ्यार्थी मेधावी एप एवं मेधावी वेबसाइट पर नियमित रूप से जाएं तथा परीक्षा संबंधी जानकारी को समय से पढ़ लेंI

1. अभ्यार्थी केवल **MEDHAVI ANDROID APPLICATION** द्वारा ही आवेदन करें. किसी भी अन्य माध्यम से पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगाI
2. अभ्यार्थी मेधावी एप के 'रजिस्ट्रेशन' सेक्शन पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म में व्यक्तिगत जानकारी को भरेंI
3. ऑनलाइन फॉर्म में फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं हैI
4. इसके पश्चात परीक्षा शुल्क जमा करेंI
5. शुल्क जमा करने के पश्चात सबमिट बटन दबाकर फॉर्म को जमा करेंI
6. सफलतापूर्वक फॉर्म जमा होने पर रजिस्टर्ड ईमेल ID पर ईमेल भेजा जाएगा जिसमे पंजीकरण संख्या वर्णित होगीI
7. ऑनलाइन फॉर्म जमा होने के पश्चात फॉर्म का स्नेप शॉट ले लें और संभाल कर रख लेंI
8. ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य है इसके अतिरिक्त किसी भी प्रिंटआउट को डाक द्वारा ना भेजेंI
9. अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा ना करते हुए समय से ही फॉर्म भर देंI
10. केवल सफल व योग्य अभ्यार्थियों को ही बैंक खाते की जानकारी देने की आवश्यकता होगीI बैंक खाते की जानकारी मेधावी एप के '***CLAIM SCHOLARSHIP***' सेक्शन पर जाकर देनी होगीI
    CLAIM SCHOLARSHIP सेक्शन परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात एक्टिव कर दिया जाएगा जो केवल दी गयी तिथियों के लिए ही एक्टिव रहेगा **05.03.2021** से **09.03.2021.**

छात्रवृत्ति परीक्षा की मेरिट सूची की व्याख्या:

1. **टाइप A (863)**: 60% या अधिक अंक
2. **टाइप B (574)**: 50% या अधिक अंक और 60% से कम अंक
3. **टाइप C (329)**: 40% या अधिक अंक और 50% से कम अंक

यदि. टाइप A छात्रवत्ति के अन्तर्गत निर्धारित संख्य (863) से अधिक छात्र सफल होते हैं तो अगले छात्रों को टाइप B छात्रवत्ति के लिए चन लिया जाएगा. ऐसे ही यदि टाइप B छात्रवृत्ति के अन्तर्गत निर्धारित संख्या (574) से अधिक छात्र सफल होते हैं तो अगले छात्रों को टाइप C छात्रवृत्ति के लिए चुन लिया जाएगा।

उपर दी गयी व्यव्स्था के अनुसार विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों* केवल पहले 1766 उच्चतम अंक लाने वाले अभ्यार्थियों को ही दी जाएगी।

जो अभ्यार्थी. कम से कम 35% या अधिक अंक लाते हैं और किसी भी मेरिट सूची मे नहीं आते उनको 100% पंजीकरण शुल्क* वापस कर दिया जाएगा।

छात्रवृत्ति धनराशी एवं पंजीकरण शुल्क धनराशी, सफल/पात्र अभ्यार्थियों के बैंक अकाउंट में बैंक/पेमेंट गेटवे के लेन-देन शुल्क काटने के पश्चात जमा की जाएगी|

परीक्षा का स्थान, तिथि व समय

I. परीक्षा के लिए निश्चित संभावित तिथि 28 फ़रवरी 2021 (रविवार) है. परीक्षा का समय पंजीकृत अभ्यार्थियों को मेधावी एप के 'ONLINE TEST' भाग के अंतर्गत परीक्षा से तीन दिन पहले उपलब्ध करा दिया जाएगाI

II. यह एक *ऑनलाइन परीक्षा* है जिसे केवल मेधावी एंड्राइड एप की सहायता से दी जा सकती हैI सुनिश्चित कर लें की मेधावी एप इनस्टॉल करने के लिए आपका फ़ोन योग्य अथवा compatible है एवं इन्टरनेट की सुचारू व्यवस्था हैI मेधावी एप के माध्यम से अभ्यार्थी इस परीक्षा को ***अपने घर बैठे ही दे सकते हैं.***

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. अभ्यार्थी, मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में आवेदन करने से पहले अधिसूचना को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ेंI
2. आवेदक का दायित्व है की वह वेबसाइट पर नियमित रूप से जाए और परीक्षा संबंधी सभी जानकारी और/या निर्देश को समय से पढ़ ले I संगठन, आवेदक द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी और/या निर्देशों पर ध्यान ना दिए जाने के कारण हुई हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगाI
3. सभी निर्देशों को पालन सख्ती से पालन अनिवार्य है एसा ना होने की स्तिथि में आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगाI
4. उपर दी गयी सभी तिथियों का पालन करना अति अनिवार्य है; अंतिम तिथियों के बाद किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगाI
5. आवेदकों को परीक्षा के समय, परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या (यदि हो तो) होने पर, परीक्षा समाप्ति के तुरंत पश्चात उसकी जानकारी ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा संगठन को देंI
6. आवेदकों को शुल्क जमा संबंधी समस्या (यदि हो तो) को दिनांक **20.02.2021** से पहले ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा इसकी सूचना संगठन को देंI **20.02.2021** के पश्चात कोई भी निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगाI

NOTE:

टाई होने की स्तिथि में, नीचे दिए गए तरीको में से एक या सभी का उपयोग करके अभ्यार्थियों को चुना जाएगा:

A. सामान्य अध्ययन में प्राप्त अंकों के आधार परI
B. अंग्रेजी में प्राप्त अंकों के आधार परI
C. मात्रात्मक अभिरुचि में प्राप्त अंकों के आधार परI
D. तर्कशक्ति में प्राप्त अंकों के आधार परI
E. अभ्यार्थी द्वारा लिए गए समय के आधार परI
F. अभ्यार्थी के मेट्रिक/10th में प्राप्त अंको के आधार परI
G. कम आय वाले अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगीI
H. Lucky draw (अंतिम उपाय)

शैक्षिक योग्यता व आयु की गणना के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि को आधार माना जाएगाI अभ्यार्थियों से निवेदन है की ऑनलाइन आवेदन करते समय वे ध्यानपूर्वक सभी जानकारी को भरें, गलत जानकारी पाई जाने पर अभ्यार्थी का अभ्यार्थिकरण रद्द किया जाएगा एवं भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से वर्जित कर दिया जाएगाI

अधिसूचना में दी गयी सभी तिथियाँ संभावित हैं तथा किसी अपरिहार्य कारणों के आधीन बदला भी जा सकता हैI

SYLLABUS

सामान्य अध्ययन

भारतीय इतिहास, विश्व इतिहास, भारतीय राजव्यवस्था, महत्वपूर्ण तिथियाँ और घटनाएँ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, देश और राजधानियाँ, विज्ञान और नवाचार, विश्व संगठन, भारत में प्रसिद्ध स्थान, पुस्तकें और लेखक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के वर्तमान कार्यक्रम, भारत का इतिहास भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, अर्थव्यवस्था, भारत और विश्व का भूगोल।

तर्कशक्ति

कॉम्प्रिहेंशन रीजनिंग, वेन डायग्राम्स, नंबर सीरीज़, कोर्डिंग एंड डिकोर्डिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग टेक्निक्स, स्टेटमेंट एंड निष्कर्ष प्रकार के प्रश्न, अंकगणितीय तर्क, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, नॉन-वर्बल सीरीज, सिल्लोजिकल रीज़निंग, सीटिंग अरेंजमेंट्स, ब्लड रिलेशन्स, रैंकिंग, डिस्टेंस एंड डायरेक्शन, गणितीय असमानताएँ।

मात्रात्मक अभिरुचि

संख्या पद्धति, पूर्ण संख्याओं की गणना, दशमलव और अंशों और संख्याओं के बीच संबंध, मौलिक अंकगणितीय संचालन, प्रतिशत, अनुपात, ब्याज, लाभ और हानि, छूट, क्षेत्रमिति, समय व दूरी, अनुपात और समय, समय और कार्य त्रिकोणमिति, रेखागणित, सांख्यिकी व प्रायिकता, बीजगणित।

ENGLISH

Spotting errors, Fill in the blank Cloze Test, Idioms & Phrases, Synonyms and antonyms, Reconstruction of sentence & passage, one word substitution, Phrase substitution, Jumbled up sentences, Double blanks in a sentence, commonly misspelled words, Comprehension passages, correction of sentences, synthesis of sentences.

Candidates’ ability to understand Basic English, his basic comprehension would be tested.